बुलावा भोलेनाथ का आया | By Namdev Rohit Nadan |

औघड़दानी का यो मेला
घने दिनों में आया
चलो अब चलियो मेले में
बुलावा भोलेनाथ का आया

बड़े दिनों से आस थी मन में
हरिद्वार मैं जाऊं
हरी की पौड़ी से जल भर के
कांधे कांवर लाऊं

गंगा जी में डुबकी लगाके
निर्मल हो जा काया
चलो अब चलियो मेले में
बुलावा भोलेनाथ का आया

भोले की नगरी में देखो
भीड़ लगी है भारी
नीलकंठ के दर्शन करने
आवे नर और नारी

सारे हिन्दुस्तान में देखो
भगवा रंग है छाया
चलो अब चलियो मेले में
बुलावा भोलेनाथ का आया

यू.पी. और हरियाणे के भोले
देखो धूम मचावे
दिल्ली राजस्थान के भोले
दौड़ पे दौड़ लगाए

कोई झूला कोई खड़ी
कोई डाक कांवड़ लाया
चलो अब चलियो मेले में
बुलावा भोलेनाथ का आया

शिव शंभू के चरणों में
भक्तो मिलकर ध्यान लगाओ
हर हर बम बम भोले बम बम
मिलकर साथ में गाओ

नादान के संग रोहिणाने ने
तुमको आ जा मनाया
चलो अब चलियो मेले में
बुलावा भोलेनाथ का आया

औघड़दानी का यो मेला
घने दिनों में आया
चलो अब चलियो मेले में

बुलावा भोलेनाथ का आया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%be-%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a4%be-by-namdev-rohit-nadan/